जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय के नाम से ही किया जावे न कि किसी अन्य पदाधिकारी के नाम से।
सम्बंधित विषय पर यदि पूर्व में पत्र व्यवहार हुआ हो तो पत्र क्रमांक एवं दिनांक अवश्य लिखा जावे जिससे सुविधा हो।

तार : यूनीजीवि
दूरभाष : 0751-(0751) 2442801 (कार्यालय)
2442483 (निवास)
फैक्स : 0091-0751-2341768
E-mail : jiwaji_gwl@rediffmail.com
Website : http://www.jiwaji.edu/

प्रेषक :
कुलसचिव,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2012/5872

दिनांक 29/12/012

// अधिसूचना //

विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 26(i)(v) एवं 24(xii) के अन्तर्गत कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 07 अगस्त, 2012 के पद क्रमांक (02) के निर्णयानुसार सन इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एज्यूकेशन लहार, भिण्ड को सत्र 2011-12 के लिये प्रस्तावित/संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम के लिये अस्थाई सम्बद्धता निम्न शर्तों के साथ प्रदान की जाती हैं।

शर्तें/प्रतिबंध :-

1. गत वर्ष परिनियम 28(17) की नियुक्तियां 2 माह में करने हेतु शर्त लगाई गई थी लेकिन आज दिनांक तक नियुक्तियां पूर्ण नहीं की गई हैं। वे शिक्षक जो पी.एच-डी. नहीं हैं एवं उन्होंने दो वर्ष में पी.एच-डी. उपाधि प्राप्त नहीं की है, उनकी नियुक्ति दो वर्षोपरान्त स्वतः निरस्त हो गई है।
2. एक्सेशन रजिस्टर में बिल क्रमांक व दिनांक अंकित नहीं है एवं एक्सेशन क्रमांक भी त्रुटिपूर्ण है।
3. शिक्षकों को वेतन बैंक द्वारा नहीं दिया जा रहा है एवं कैश बुक की प्रति भी प्रदान नहीं की गई है।
4. परिनियम 27-28 के अनुपालन में गवर्निंग बॉडी व कॉलेज काउंसिल की बैठकों का कार्यविवरण त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि का नाम कहीं भी अंकित नहीं है।
5. पुस्तकालय में मानक पुस्तकें एवं जर्नल अपर्याप्त हैं एवं क्रीड़ा प्रांगण भी विकसित नहीं है।

आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रति,

1. प्राचार्य, सन इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एज्यूकेशन लहार, भिण्ड
2. सचिव, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्, मानस भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल
3. आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
4. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, ग्वालियर-चंबल संभाग, मोती महल परिसर, ग्वालियर।
5. उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. अधीक्षक, परीक्षा कक्ष क्रमांक-03, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)

[illegible]